
हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 10 अगस्त 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




वैशाली नगर विधानसभा के माननीय विधायक (नायक)
श्री रिकेश सेन जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शैलेंद्र सिंह
भास्कर मुदलियार
प्रदीप गुप्ता
अवतार सिंह
गुंजन देवांगन
अंकुर शर्मा
कुबेर शर्मा
नागेंद्र सिंह
राजेश कुमार सिंह
सतबीर सिंह
गुरमुख सिंह
तसविंदर सिंह सैनी
जितेश भोंगड़े
अजहर मोहम्मद
सतीश सिंह
रमेश सिंह
रमाकांत गुप्ता
मनीष सिंह
एम वेणुगोपाल
ईम्मी
पवन सिंह
रिंकू सिंह
राजवीर सिंह
अंकित जैन
आलोक जैन
मुन्ना कुकरेजा
लुकेश सिंह
लक्ष्मण चौधरी
हर्षित राजपूत
संदीप यादव
सौजन्य : वैशाली नगर विधानसभा

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 10 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री


14 गोपी कृष्ण की आदिवासी संस्कृति पर केंद्रित फोटो प्रदर्शनी उद्घाटित


14 टाउनशिप में सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरु




न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें   जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### जाट समाज का तीज मिलन कल

**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जनकल्याण जाट समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को जाट भवन, सड़क 9, सेक्टर 5 में सुबह 9 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर समाज की महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स व प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र तीज क्वींन प्रतियोगिता रहेगी। इस अवसर पर तीज क्वीन प्रतियोगिता के साथ ही मेंहदी, रंगोली व विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिता और महिलाओं व बच्चों दवरा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान सावन के झूले व पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल का आनंद महिलाएं ले सकेंगी।

### विशाल कांवड़ यात्रा 12 को



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई चरोदा के वार्ड 21 चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से जल लेकर शिव मंदिर देवबलोदा तक विशाल कावड़ यात्रा निकाला जाएगा। कांवड़ यात्रा में चैतन्य बघेल शामिल होंगे। विगत दो वर्षों से महापौर निर्मल कोसरे के नेतृत्व में चरोदा बस्ती से देवबलोदा तक कांवड़ यात्रा का निकाला जा रहा है। 12 अगस्त को कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा सुबह 10 बजे चरोदा बस्ती के 100 साल पुराना कुआं में पूजा अर्चना कर जल लेकर शिव मंदिर देवबलोदा के लिए निकलेगी। जो कि चरोदा बस स्टैंड, पंचशील नगर, पदुम नगर, सिरसा गेट चौक, जी केबीन से होते हुए देवबलोदा में अभिषेक के साथ शिव मंदिर में जल अर्पण किया जाएगा। कावड यात्रियों को भोग प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

खुलासा : वेटिंग लिस्ट में शामिल ऐसे सैकड़ों बच्चों को दिया प्रवेश

# फर्जी रेंट एग्रीमेंट देने वाले बच्चों का आरटीई स्कूलों में दाखिला

**हरिभूमि लगातार**


आरटीई घालमेल : 802 बच्चों को दिया गया है स्कूल, जांच नहीं होने से गड़बड़ी
आरटीई के दूसरे चरण की लॉटरी में भी गड़बड़ी, एक बच्चे को दिया दो-दो स्कूल

हरिभूमि खुलासा

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

निजी स्कूलों में अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) में फर्जीवाड़ा कर दाखिला लेने वाले बच्चों पर स्कूल शिक्षा विभाग रोक नहीं लगा पा रही है। पहली सूची की वेटिंग लिस्ट में शामिल कई बच्चों का प्रवेश फर्जी रेंट एग्रीमेंट के आधार पर दे दिया गया है। इन बच्चों के पालकों ने एक स्कूल में प्रवेश के लिए अपना आधार कार्ड आवेदन के साथ प्रस्तुत किया है। वहीं दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने के लिए रेंट एग्रीमेंट लगाया है। इस तरह एक ही बच्चे का दो-दो आवेदन हैं और अलग-अलग पते के हैं। ऐसे फर्जीवाड़ा को विभागीय नोडल अधिकारी नहीं पकड़ पा रहे हैं और न ही आरटीई पोर्टल में ऐसी व्यवस्था की गई है कि इसे रोक पाएं। विडंबना यह है कि ऐसे फर्जीवाड़ा से वास्तविक गरीब बच्चों का अधिकार व हक मारा जा रहा है लेकिन शिक्षा विभाग के अफसर राज्य से लाटरी होने के नाम पर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

**इन उदाहरणों से समझिए रेंट एग्रीमेंट फर्जीवाड़ा का खेल**

**केस 1**

एक बच्चे ने दो आवेदन लगाए। पहले आरटीई क्रमांक 202400655666 प्रस्तुत ब्योरा में 2011 का बेघर प्रमाण पत्र जन्मतिथि 4/2020 दर्ज है। इसी बच्चे का दूसरा आवेदन आरटीई क्रमांक 202400702125 है। इस आवेदन के साथ अत्योदय राशनकार्ड लगाया गया है। जिसमें जन्मतिथि 4/2019 का है। इस तरह एक जन्म प्रमाण पत्र फर्जी है। दूसरा पते अलग-अलग है। यानी एक पता ही सही है दूसरा नहीं। सत्यापन लीज सर्टिफिकेट का कर देहली पब्लिक स्कूल रिसाली में प्रवेश दिया गया है।

**केस 2**

आरटीई क्रमांक 202400689433 में वर्ष 2007 का बीपीएल राशनकार्ड लगाया गया है। आधार कार्ड के आधार पर पता सत्यापन किया गया है। वहीं इस बच्चे के दूसरे आवेदन क्रमांक 202400689425 में रेंट एग्रीमेंट के आधार पर देहली पब्लिक स्कूल रिसाली में प्रवेश दिया गया है। इस तरह एक आवेदन में आधार कार्ड तो दूसरे में रेंट एग्रीमेंट लगाया गया है।

**केस 3**

एक बच्चे ने तीन आवेदन लगाए। आरटीई क्रमांक 202400705346 और क्रमांक 202400705448 में बीपीएल वर्ष 2007 का राशनकार्ड लगाया। जिसमें अपना आधार कार्ड के हिसाब से पता राधिकानगर पेश किया है। वहीं इसी बच्चे का तीसरा आवेदन आरटीई क्रमांक 202400705415 है। जिसमें बच्चे का रेंट एग्रीमेंट है। इस रेंट एग्रीमेंट के आधार पर इंदु आईटी कोहका में दाखिला मिला है।

**केस 4**

एक बच्चे ने चार आवेदन लगाए। आरटीई क्रमांक 202400665922 आरटीई क्रमांक 202400665927 और आरटीई क्रमांक 202400657012 है। क्रमांक 665922 और क्रमांक 665927 में दस्तावेज में आधारकार्ड में पता लक्ष्मीनगर है। क्रमांक 657012 में पता जुनवानी और चौथे आवेदन 202400657046 में रेंट एग्रीमेंट पेश किया गया जिसमें पता खम्हरिया का है। क्रमांक 657046 को मान्य करते हुए माइलस्टोन स्कूल में प्रवेश दिया गया है। जिसमें रेंट एग्रीमेंट को आधार माना गया है।

**केस 5**

एक बच्चे ने तीन आवेदन किए हैं। आरटीई क्रमांक 202400691263 और आरटीई क्रमांक 202400617397 आवेदन में आधार कार्ड में पता लक्ष्मीनगर का है। आरटीई क्रमांक 202400617378 में इसी बच्चे का रेंट एग्रीमेंट लगाया गया है। इस रेंट एग्रीमेंट के आधार पर केपीएस नेहरूनगर स्कूल में प्रवेश दिया गया है।
नोट- ये केवल उदाहरण हैं। जांच होने से ऐसे सैकड़ों बच्चों का एडमिशन फर्जी रेंट एग्रीमेंट के आधार पर होना उजागर हो सकेगा।

### 140 बच्चों का चयन हुआ था निरस्त

आरटीई के पहले चरण में हरिभूमि ने एक से अधिक आवेदन में अलग-अलग पते देकर प्रवेश लेने के मामले का खुलासा किया था। जांच में 140 ऐसे बच्चों के नाम सामने आए थे। जिस पर कलेक्टर ऋचाप्रकाश चौधरी ने गंभीरता दिखाई और जिला शिक्षा विभाग के अफसरों से इसकी जांच करवाई। उसके बाद इन बच्चों का चयन निरस्त किया गया था।

### दो बच्चों के पालकों पर हो चुकी है एफआईआर

हरिभूमि ने एक बच्चे के 9 और 11 आवेदन में अलग-अलग नोडलों में अलग-अलग पते देकर भी प्रवेश लेने की खबर की जांच लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने भी करवाई। जांच में खबर सही निकली। राज्य के निर्देश पर कलेक्टर दुर्ग ने जिला शिक्षा विभाग को फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रवेश लेने वाले दो बच्चों के पालकों पर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उसके भी दूसरी सूची में भी गड़बड़ी सामने आई है।

### आरटीई फर्जीवाड़ा से हकदार पालकों में रोष, कहा- मिलीभगत से हो रहा खेल

सीधे-साधे और वास्तविक गरीब वर्ग के पालकों में आरटीई में कूटरचित दस्तावेजों से नामी स्कूलों में दाखिले लेने के मामले से काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि रसूखदार लोगों द्वारा ही अपने बच्चों को बड़े स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के नोडल भी इसमें शामिल हैं। इसलिए कि दस्तावेजों का सत्यापन नोडल ही करते हैं। पोर्टल से ही गड़बड़ी जब हरिभूमि पकड़ पा रहा है तो अधिकारी क्यों नहीं पकड़ सकते। जबकि आईडी नंबर भी उन्हे दिया गया है।

### सभी मामले की करेंगे जांच



आरटीई में कूटरचित दस्तावेज देकर एडमिशन लेने वाले बच्चों की जांच पहले हमने की है और कार्रवाई भी हुई है। फर्जी रेंट एग्रीमेंट के आधार पर स्कूलों में एडमिशन लेने वाले पालकों पर जांच के बाद कार्रवाई करेंगे।

**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

दुर्ग न्यायालय ने सुनाई सजा

## पत्नी और प्रेमी को मिली आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को न्यायालय दुर्ग ने सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग संजीव कुमार टामक की न्यायालय ने आरोपीगण धीरज कुमार कश्यप और रानी शर्मा को धारा 302,34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर चरोदा निवासी अनिल शर्मा ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसके चाचा सुनील शर्मा पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया है। गंभीर रूप से घायल सुनील शर्मा को तुरंत शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपिया रानी शर्मा ने अपने बयान में अपराध करना स्वीकार किया। आरोपिया ने बयान में बताया कि पति उसे हमेशा परेशान करता था। नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता था। घर चलाने के लिए पैसा भी नहीं देता था। रानी अपने प्रेमी पंचशील नगर चरोदा निवासी धीरज कुमार कश्यप की मदद से घर चला रही थी। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक व्यक्ति से नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 5 लाख रुपए ले लिए थे। उस व्यक्ति द्वारा रकम की मांग किए जाने पर रानी शर्मा ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर प्लान तैयार किया। सुनील शर्मा को खत्म करने पर कर्जदार महिला को परेशान ना करें और उन्हें रकम वापस करने में समय भी मिल जाए। आरोपी रानी शर्मा की ओर से अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश दांडेकर थे।

## फर्जी सिम बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** लूट मामले में फर्जी सिम बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शंकर नगर दुर्ग निवासी साहिल वासनिक, अवनाश कसेर को गिरफ्तार किया गया। दोनों युवको ने वर्ष 2023 में डिलवरी बॉय से लूटपाट कर फरार हो गए थे। दोनों युवकों ने पीड़ित के बैग से आईफोन तीन नग लेकर फरार हो गए थे। जिसकी शिकायत कोतवाली दुर्ग पुलिस थाने में शक्ति नगर दुर्ग निवासी रवि देवांगन ने किया था। उसके बाद से पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश में जुटी थी। उक्त दोनों आरोपी फर्जी सिम भी बेचा करते थे। दो मोबाइल भी जब्त किया।

## पीपी यार्ड पहुंचीं रेलवे जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पीपी यार्ड और लोको शेड निरीक्षण करने रेलवे जीएम नीनू इटियेरा पहुची। इस दौरान वैगन पार्क का निरीक्षण किया। वैगन के कॉम्पोनेंट कपलिंग, अनकपलिंग की प्रक्रिया के मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण ब्रेकिंग सिस्टम एवं सेंटर बफर कपलिंग सीबीसी के मॉडल भी रखा। एयर ब्रेक के कन्वेंशनल एयर ब्रेक सिस्टम एवं बीएमबीएस बोगी माउंटेन ब्रेक सिस्टम के माडल को उन्होंने देखा। पी पी यार्ड में व्हील



शॉप का निरीक्षण कर वैगंन के व्हील, उनके फैलियर होने के कारण बॉक्स एन वैगन के डोर के प्रॉपर ओपनिंग क्लोजिंग को निरीक्षण किया। पी पी यार्ड इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई में महिला कर्मियों के साथ उनके तकनीकी कार्यों की जानकारी ली। जीएम ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया।

## कल निकलेगी खारून नदी से कावड़ यात्रा

**भिलाई।** खारुन नदी कुम्हारी से निकलने वाली है। कांवर यात्रा हर हर महादेव के जयकारे से गूंजेगा दुर्ग भिलाई शिवनाथ कावड़ यात्रा समिति द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। 11अगस्त दिन रविवार की सुबह 6 बजे खारुन नदी कुम्हारी से कांवड़िया जल लेकर निकलेंगे। 33 किलोमीटर की यात्रा में कावड़ियों का कुम्हारी टोल प्लाजा से विभिन्न स्थानों में विभिन्न हिंदू संगठन, भाजपा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा द्वारा विभिन्न स्थानों में स्वागत होगा। शिवनाथ नदी दुर्ग पहुंचेगी। जलाभिषेक करने के बाद गंगा आरती का समापन किया जाएगा।

## नार्मल हो चुकी है बारिश, केवल 12 मिमी की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में शुक्रवार तक औसत बारिश 528 मिलीमीटर हो चुकी है। 20 दिन पहले दुर्ग जिला सूखाग्रस्त होने के कगार पर था वह अब नार्मल की श्रेणी में आ चुका है। जिले में पिछले साल इस दिन तक 596.8 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस हिसाब से केवल 12 मिलीमीटर की वर्षा की कमी रही है। मौसम विभाग ने आगे भी अच्छी बारिश की संभावना जताई है। जिससे इस साल बारिश का कोटा पूरा होने के आसार हैं।

**जिले में अब तक 528 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी**



### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास स्थित है तथा यह 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड के उपर 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, शिवपुरी, सीधी, डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

### सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 814.6 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 332.1 मिमी धमधा तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 402.0 मिमी, तहसील बोरी में 396.6 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 427.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 527.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 9 अगस्त को तहसील पाटन में 3.0 मिमी, तहसील बोरी में 6.3 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 1.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 2.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, बीपीएल परिवार को हो रही दिक्कत

# जामुल की राशन दुकानों में चल रहा है डंडी-मारी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल के राशन दुकानों में लंबे समय से डंडीमारी का खेल जारी है। इसे लेकर खाद्य विभाग में शिकायत के बाद भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। यहां 20 वार्ड है उनके लिए पालिका क्षेत्र में 14 राशन दुकान खोले गए है। इन राशन दुकानों में एपीएल, बीपीएस कार्डधारियों को राशन दिया जाता है। लेकिन राशन दुकानों में नापतौल में गड़बड़ी कर डंडी मारकर पीडीएस चावल से लेकर अन्य सामानों का वजन काफी कम होता है। इसके अलावा राशन दुकानों में प्रर्याप्त कोटा होने के बाद भी कुछ ही दिन राशन बांटकर कोटा खत्म होने का नोटिस दुकान के बाहर चस्पा किया जाता है। इस तरह के राशन दुकान संचालित करने वाले संचालक गरीबीं के राशन पर चांदी काटकर उसे ब्लैक में बेच रहें है। जामुल पालिका क्षेत्र के इन राशन दुकानों मे राशन का वजन कम होने के बाद भी कार्डधारी डर के मारे कुछ नहीं बोल पाता है। जितने राशन तौल के दिया जाता है उसे लेकर कार्डधारी घर निकल लेते है। लेकिन राशन को तौलने पर सभी दुकानों की पोल खुल गई। राशन दुकान संचालको को वजन कम होने की जानकारी देने पर भी अपनी व्यवस्था नहीं सुधार पा रहें है।

**जामुल पालिका क्षेत्र का मामला**




**ऐसी है स्थिति**

| | |
|---|---|
| जनसंख्या- | 29 हजार |
| वार्ड | 20 |
| बीपीएल | 8000 |
| एपीएल | 600 |

### खाद्य विभाग की सेटिंग

मिली जानकारी के मुताबिक जामुल के इन राशन दुकानों में खाद्य विभाग की सेंटिग के चलते नापतौल में गड़बड़ी बेखौफ तरीके से जारी है।खाद्य विभाग में लिखित शिकायत करने के बाद अधिकारी राशन दुकान संचालको को सारी जानकारी देकर सेट करने की हिदायत दिया करते है।इस तरह की लापरवाही होने के कारण पीड़ीएस चॉवल तक को राशन दुकान वाले ब्लैक में बेचने से बाज नहीं आ रहें है। इन सब की जानकारी विभाग को रहता है। इसके बाद भी यह काम जारी है।

### लगातार मिल रही है शिकायत



यहां के अधिकांश राशन दुकानों में डंडीमारी का खेल अर्से से जारी है। इसे लेकर शिकायत करने के बाद भी खाद्य विभाग मौन रहता है। विभाग के संरक्षण में ही राशन दुकान में नापतौल में गड़बड़ी कर राशन में वजन कम किया जा रहाहै। विभाग में कमीशन के खले में गरीबों के राशन पर डाका डाला जा रहा है। इसके अलावा दुकानों में ऑडिट भी नही कराया जा रहा है।

**-चुम्मन वर्मा,** पार्षद वार्ड-16

### हर सामान में वजन है कम



जामुल के राशन दुकान में लगातार शिकायतो मिल रही है। वार्ड 16 के राशन वितरण दुकान नंबर 431008013 में प्रतिमाह राशन चावल में 1.5 से 2.5 किलो कम, शक्कर में 700 या 800 ग्राम प्राप्त हुआ करता था। इस माह भी 2.5 किलो कम राशन मुला है। संचालक द्वारा लगातार राशन में डंडीमारी करता है।

**-मनोज देवांगन**
जामुल निवासी

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
19 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024,
10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
07 नवम्बर से 19 नवम्बर 2024
सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/- 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### फेरो श्रमिक संघ की हुई बैठक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात फेरो इस्पात श्रमिक संघ भिलाई की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर 21 अगस्त को एफएसएनएल भिलाई सहित सभी यूनिटों में हड़ताल के आह्वान को सफल बनाने पर चर्चा की। यूनियन के सचिव सुनित सिंह ने बताया कि निजीकरण सहित कर्मियों के नए वेतनमान के बकाया वेतन की विसंगतियों को दूर करने, 12 साल से कार्यरत मजदूरों का नियमितिकरण और नाइट शिफ्ट एलाउंस बढ़ाने आदि मांगें शामिल हैं। उन्होंने कर्मयों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।

### जितेन्द्र विविध कार्यक्रम में होंगे शामिल

**सेलूद।** पाटन विधानसभा के ग्राम झाड़ मोखली निवासी व दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का 10 अगस्त को जन्म दिन है। जन्मदिन के अवसर पर वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पहला कार्यक्रम सुबह 7:30 बजे धान



खरीदी केन्द्र सेलूद में होगा। जिसमें वे खबरनामा ग्रुप पाटन विधानसभा के साथियों के द्वारा आयोजित पौधा रोपण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वह रीठा के पौधे का रोपण करेंगे। सुबह 8:30 बजे गृह ग्राम झाड़मोखली में जन्म दिन पर पौधा रोपण करेंगे। सुबह 9,30 बजे वे जन्म दिन पर नगर पंचायत पाटन में मंदिर दर्शन एवं पूजन फिर सुबह 10.30 बजे आत्मानंद कन्या शाला पाटन में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीण मतदाताओं के द्वारा पर धूमधाम से जितेन्द्र वर्मा का जन्म दिन मनाया जायेगा।

## निधन

### कस्तूरी बाई शर्मा

**सेलूद।** अचानकपुर निवासी कस्तूरी शर्मा उम्र 84 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। वे पिछले कुछ



दिनों से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार अचानकपुर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हरक राम शर्मा की पत्नी व नरेश, राकेश, सुनील, अनिल की मां एवं विजय, राजा शर्मा की चाची थीं।

### अजय देशमुख

**भिलाई।** बीएसपी अधिकारी संजय देशमुख के छोटे भाई और पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख का गुरुवार



को नारायणपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नारायणपुर में किया गया। वे रिटायर शिक्षा अधिकारी आरके देशमुख के पुत्र थे।

### बीएल मिश्रा

**भिलाई।** दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय मिश्रा के



पिता बीएल मिश्रा का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 10 अगस्त को दोपहर 3 बजे उनके निवास गली नंबर 1 कसारीडीह दुर्ग से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# अनुशासन प्रिय व्यक्ति कामयाबी का इतिहास लिखते चले जाते हैं: बारले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शिक्षा सत्र 2024-25 का द्वितीय पाक्षिक वर्ग आयोजित किया गया। प्राचार्य पीएल बारले ने अध्यापन नियंत्रण अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों की क्रियान्वयन स्व स्फूर्त कार्यशैली पर प्रेरणादाई मार्गदर्शन दिए। आचार्य दीदियों ने शुक्रवार को नाग पंचमी के अवसर पर बोर्ड में नाग देव का चित्र बनाकर पूजा अर्चना किए।

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जीवन में अनुशासन हर जगह प्रतिभा में निखार लाती है। अनुशासित व्यक्ति उपयुक्त समय पर काम को व्यवस्थित गति देकर मंजिल प्राप्त करने में अपेक्षाकृत अधिक कामयाब होते हैं। प्राचार्य ने कहा कि हर कामयाब व्यक्ति के पीछे अनुशासन का हाथ होता हैं। अनुशासन प्रिय व्यक्ति कामयाबी का इतिहास लिखते चले जाता है और लोग देखते रह जाते हैं।

### सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में अनुशासन व कार्यशैली पर दी जानकारी

#### गुरु को अपना सपना साकार होते देखना चाहिए

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि उत्कृष्ट अध्यापन समर्पण और साधना का विषय है जो लोग समर्पित होकर साधनामय अध्यापन कराते हैं। वे शिष्य में भावी नागरिक की कार्य में उनके होनहार भविष्य को देखते हैं और शिष्य के सफल होने पर गर्व महसूस करते हैं। गुरु को ऐसा लगता है कि उनका सपना साकार हो गया।



#### शिक्षक-विद्यार्थी पढ़ने की कला में पारंगत हों

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि बच्चों पर नियंत्रण शिक्षक की मानसिक कला है शिक्षक को केवल पढ़ाना ही नहीं, विद्यार्थी को पढ़ना भी आना चाहिए। जो शिक्षक विद्यार्थी पढ़ना सीख लेते है उनसे नियंत्रण आसानी से होता है और नियंत्रण के कारण पढ़ाई पर बच्चों की पकड़ अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छा आता है। अन्य गतिविधियां पर भी दृष्टिगोचर किया गया। वहीं नागपंचमी उत्सव मनाते हुए प्राचार्य श्री बारले ने कहा कि भारत की संस्कृति और संस्कार अद्भुत है। यहां सर्व प्राणी जगत को मैत्री के भाव से देखते हैं। गाय को माता, सर्प नाग को देवता मानकर पूजते हैं। वास्तव में हमारे सनातन संस्कार में अहिंसा सर्वोपरि है। एक दूसरे के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं। आचार्य दीदियों ने बोर्ड में नागदेव की चित्र बनाकर पूजा अर्चना किए।

## प्रभावित होगा सेल का उत्पादन लक्ष्य और बढ़ रही है लागत

# सेल को भारी पड़ सकती है बीएसपी के विस्तारीकरण परियोजना में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तारीकरण -आधुनिकीकरण परियोजना में लेटलतीफी बीएसपी के साथ सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) पर भारी पड़ सकती है। आगे और विलंब से कई तरह की चुनौतियां बढ़ सकती हैं। सबसे अधिक असर सेल के उत्पादन लक्ष्य पर पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी का दूसरे फेस का आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण होना है। पहला चरण वर्ष 2016 में पूर्ण हुआ था। इसके बाद दूसरे चरण का काम आरंभ होना था। लेकिन इस प्रोजेक्ट में हो रहे अति विलंब से बीएसपी, सेल के साथ इस्पात मंत्रालय की भी चिंताए बढ़ रही हैं। दूसरे चरण का एक्सपांशन प्रोजेक्ट पूर्ण होने से बीएसपी का उत्पादन 5 मिलियन टन से बढ़कर 7 मिलियन टन हो जाएगा । इससे सेल के 31 मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस प्रोजेक्ट को अब तक पूर्ण हो जाना था लेकिन सेल की सुस्ती से इसका निर्माण कार्य ही अब तक शुरु नही हो पाया है। विलंब से कई तरह की समस्याओं का सामना सेल को करना पड़ेगा। सेल का उत्पादन टार्गेट समय पर प्रभावित होने के साथ प्रोजेक्ट की लागत भी बढ़ रही है। बीएसपी अनभवी बीएसपी अधिकारियों के रिटायर होने और मेनपावर कम होते जाने से प्रोजेक्ट के दौरान दिक्कतें आएंगी। यूनियनों के मुताबिक केंद्रीय बजट आने और वित्त वर्ष के बाद विस्तारीकरण कार्य को सेल से हरी झंडी मिलने की उम्मीद की जा रही थी, कुछ नही हुआ। बीएसपी सेल की सबसे बड़ी यूनिट है। यहां प्लेट, रेल और वायर राड आदि प्रोडक्ट की घरेलू बाजार व अंतराष्ट्रीय बाजार में भी मांग है। विलंब से सेल को वैश्विक मार्केट में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### तेजी से सेवानिवृत्त हो रहे अनुभवी अधिकारी, आड़े आएगी मेन पावर किल्लत



#### बनेगा नया ब्लास्ट फर्नेस

बीएसपी के सेकंड फेस के विस्तारीकरण योजना के तहत कई नई यूनिटें व शाप्स आदि का निर्माण होना है। नया ब्लास्ट फर्नेस और एसएमएस सहित एक अन्य यूनिटों का निर्माण होना है। नई यूनिटों व भवनों आदि अधोसंरचनागत विकास के लिए अधिक स्पेस की जरुरत है। विस्तार संयंत्र बाहर ओल्डमेन आफिस व सेक्टर एक के तक होना है। लेकिन अब तक पुराने एसएमस के इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि को पूरी तरह डिस्मेंटल नहीं किया जा सका है नही गया है।

#### पिछले प्रोजेक्ट में भी हुआ था विलंब

गौरतलब हो कि बीएसपी के पिछले एक्सपांशन प्रोजेक्ट में भी भारी विलंब हुआ था। तत्कालीन इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में शुरु हुआ निर्माण कार्य वर्ष 2016 में जाकर पूर्ण हुआ था। यह प्रोजेक्ट की लेटलतीफी देख पीएमओ को अतिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश देने पड़े थे। इसके तहत यूनिवर्सल रेल मिल, महामाया ब्लास्ट फर्नेस आदि 4 नई मिलों का निर्माण हुआ था। इससे बीएसपी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 5 मिलिटन टन हो गई।

# गोपी कृष्ण की आदिवासी संस्कृति पर केंद्रित फोटो प्रदर्शनी उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरिया, कवर्धा के श गोपी कृष्ण सोनी द्वारा, आदिवासी संस्कृति पर केनद्रित फोटो की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अवलोकन पुस्तिका में लिखा "श्री गोपी कृष्ण द्वारा लिए गये फोटो प्रदर्शनी को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने कैमरे से आदिवासी संस्कृति को उजागर किया है। गोपी कृष्ण को आदिवासी संस्कृति की अच्छी समझ है। इस अवसर पर संदीप माथुर, ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक सौमिक डे, पूर्व महाप्रबंधक एसके दरिपा व गोपी कृष्ण और उनका परिवार, आर्ट क्लब के सचिव एस डी बर्मन आदि उपस्थित थे।

#### आदिवासी जनजीवन की जीवंत झांकी

उद्घाटन समारोह में फोटोग्राफर के परिवारजनों ने कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को आदिवासी संस्कृति से प्रेरित कलगी और पागा पहना कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदर्शित तस्वीरों में जिन आदिवासी बैगा जनजाति को दिखाया गया है, उनमे से ही आये कुछ कलाकारों ने अपना पारम्परिक लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। प्रदर्शनी में लगाये गए फोटो में आदिवासी संस्कृति, उनकी परम्परा, रहन-सहन, तीज-त्यौहार, आभूषण आदि को दर्शाया गया है।यह प्रदर्शनी शुक्रवार को 8.30 बजे तक खुली रहेगी।

# जल प्रबंधन के श्रमिकों को नहीं मिली एडब्ल्यूए की राशि, बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में की गई। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के अनेक विभाग के ठेका श्रमिकों ने अपनी समस्याएं रखी। विभाग में सेल में 8 फरवरी को निर्धारित एनजेसीएस की बैठक के अनुसार 1 मार्च से1400 रुपए प्रतिमाह ए डब्ल्यू ए की राशि प्रदान करने का आदेश जारी हुआ था लेकिन जल प्रबंधन विभाग में अभी तक श्रमिकों को 1400 रुपए की राशि नहीं मिली है। ऑपरेटिंग अथॉरिटी को भी इससे अवगत करा दिया गया है लेकिन ठेका श्रमिकों को यह राशि प्रदान नहीं की गई है । यूनियन ने बताया कि कई विभाग से शिकायत आ रही है कि बीएसपी प्रबंधन अपने ही आदेश को पूर्ण रूप से पालन नहीं कर पा रहा है और अभी भी अधिकांश विभागों में पूर्व निर्धारित 2300 रुपए एडब्ल्यूए की राशि नहीं मिल रही है।

- स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक बैठक में की मांग

#### 18 दिन का ही सीपीएफ एवं एडब्ल्यूए दिया जा रहा है

बीएसपी में ठेका श्रमिकों द्वारा उत्पादन एवं रखरखाव एवं लाभार्जन में पूर्ण योगदान होने के बाद भी 26 दिन उपस्थित होने के बाद भी ठेका कंपनियों द्वारा 18 दिन की उपस्थिति का सीपीएफ ही जमा कर रहे हैं । 18 दिन की उपस्थिति के कारण उन्हें 18 दिन का ही एडब्ल्यूए का राशि दिया जा रहा है जबकि ऑनलाइन में उपस्थित 26 दिन दिख रहा है। इससे श्रमिकों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऑपरेटिंग अथॉरिटी से शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं करने से आक्रोश है।



#### क्लीयरेंस करें बीएसपी

श्रमिकों ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट की तरह एच एस सी एल के द्वारा ठेका कार्य का आईआर क्लीयरेंस बीएसपी के द्वारा किया जाना चाहिए। बीएसपी में एच एस सीएल द्वारा किए गए कार्य का आईआर क्लीयरेंस एच एस सी एल द्वारा किया जाता है जिससे ठेका श्रमिकों का पूरा सीपीएफ एवं ए डब्ल्यू एवं छुट्टी और एवं वेतन संबंधित शिकायत अंतिम भुगतान की शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती। बीएसपी के अधिकारी कहते हैं कि वह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता । इसलिए जो ठेका एचएससीएल को दिया गया है उसका आईआर क्लीयरेंस बीएसपी के द्वारा किया जाना चाहिए। अभी भी बीएसपी के ठेका श्रमिकों का लगभग 50 करोड़ की अंतिम भुगतान की राशि जमा होने के बावजूद भी ठेका श्रमिकों को नहीं दिया जा रहा है।

#### मजदूरों को यूनियन ने दिलाया भरोसा

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने इस विषय पर महाप्रबंधक विकास चंद्रा से चर्चा की महाप्रबंधक ने इस विषय पर उच्च प्रबंधन से जल्द चर्चा कर निदान करने का आश्वासन दिया। एवं अन्य विषयों पर उच्च प्रबंधन से चर्चा किया जाएगा। ईएसआईसी में आधार को जोड़ने और अपने परिवार के सभी सदस्य का पंजीयन करने के लिए प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी । बैठक में उपाध्यक्ष सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, मनोहर लाल, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, डीपी खरे, जयराम ध्रुव, सुरेश दास टंडन, नारायण कान्हा, दमन लाल दाऊ लाल साहू, संजीव मानिकपुरी, बलराम वर्मा, कामता प्रसाद, टोमन लाल डागेश्वर, मनहरण लाल एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

### आबकारी विभाग की निष्क्रियता से हो सकती है दुर्घटना

**धमधा।** धमधा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने आबकारी विभाग के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर के अंग्रेजी शराब दुकान को मेन रोड से हटाने के लिए 8 माह पूर्व भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में धरना दिया गया था, लेकिन 8 माह बीतने के बावजूद अंग्रेजी शराब दुकान को नही हटाया जा रहा है। यादव ने आगे



बताया कि चखना सेंटर को मेन रोड में खोला गया है जहां शराबी बेखौफ होकर मेन रोड में शराब पीते देखा जा सकता है जबकि चखना को मेन रोड में खोलने का नियम नही है। अधिकारी नियम कानून को ताक में रख कर कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों के संरक्षण में गांव-गांव में शराब बेचने के लिए कोचिया रखकर शराब बेचा जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि शासन के पास शराब दुकान एवं चखना सेंटर के लिए जगह है फिर भी अपने चहेते लोगों को फायदा देने के लिए टेंडर निकाला गया है। यादव ने शासन से मांग की है कि मेन रोड से शराब दुकान एवं चखना सेंटर को तत्काल हटाया जाय । अगर जल्द हमारी मांगों को नही माना जाता है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# टाउनशिप में सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण के कार्य का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक ( एस मुखोपाध्याय एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के द्वारा किया गया। चौड़ीकरण परियोजना के अंतर्गत 3 किमी सड़क का चौड़ीकरण तथा डिवाइडर बनाने का कार्य होना है।

- अधिकारियों ने तीस मीटर तक चौड़ीकरण के लिए किया भूमिपूजन

इस चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत रोड 6 जो कि पंथी चौक से सेन्ट्रल एवन्यू चौक होते हुए नेहरू नगर फ्लाई ओवर को जोड़ता है (1800 मीटर), मिराज चौक सिविक सेन्टर से कोतवाली पेट्रोल पम्प चौक तक एवं पोस्ट ऑफिस सिविक सेन्टर से रोड 4 तक के रोड का (1200 मीटर) चौडीकरण कार्य किया जाना है। कार्य का निष्पादन बीएसपी द्वारा किया जाना है। इस चौडीकरण कार्य पर 3.98 करोड़ रुपये का व्यय होना है। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी समीर गुप्ता, महाप्रबंधक राधिका श्रीनिवासन, एस के बंसल, एच शेखर, विष्णु कुमार पाठक, डां. एनके जैन, उप महाप्रबंधक आर गर्ग, डीसी सिंह, सहायक महाप्रबंधक केके साहू, सरोज कुमार झा और उप प्रबंधक सुकदेव सोनवानी आदि उपस्थित थे।



# गौमाता को आवारा पशु का नाम देना कांग्रेसियों की विकृत मानसिकता को दर्शाता है: हर्षा

**पाटन।** पाटन भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सदस्य जिला पंचायत दुर्ग हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने कहा कि सत्ता से जनता के द्वारा बेदखल किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छटपटाहट अब



सामने आने लगी है। लगता है कांग्रेस में संगठन नाम की कोई महत्व नहीं रह गया है, तभी तो केवल भूपेश बघेल की चलती है जो मनमाने ढंग से कोई भी कार्य हो पाटन से प्रारंभ होती है। चंद्राकर ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने गरवा के नाम पर योजना लाकर ईमानदारी से काम नहीं कर केवल पैसों का दुरुपयोग किया है। कांग्रेस के शासन काल में योजना संचालित होने के बावजूद क्रियान्वयन कभी नहीं हो पाया केवल खाना पूर्ति होते रही है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केवल सात महीने में ही किसानों, महिला बहनों, युवा साथियों, के लिए इतना कुछ कर दिए है कि अब विपक्षीयों के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है इसलिये कांग्रेसी अब बेवजह मुद्दा बनाकर किसानों को भरमाने का कार्य कर रहे हैं। गौठान योजना के नाम पर घोटाला कर अपने तिजोरी भरने वाले कांग्रेस के लोग आज गौ माता को आवारा पशु का नाम दे रहे हैं, सभी शर्म बेच खाए हैं। कांग्रेस शासन के समय से गौठान योजना से लाभ कमाने वाले भूपेश बघेल भूल गए कि उन्हीं गौमाता का श्राप है जो अभी सत्ता से बेदखल है।

- गौ माता के नाम पर राजनीति कर रहे हैं भूपेश

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना**

मामले का विषय अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक 150/अ-27/2018-19
पक्षकार केशव राम विरूद्ध गोविन्द राम वगैरह
1. गिरिजा आ. जोहन राम, निवासी ग्राम करसा, तहसील पाटन, जिला बालोद (छ.ग.)
2. ज्ञान आ. घासी राम साहू
3. घनश्याम आ. घासी राम साहू निवासी ग्राम खुरसुल, तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)
4. धनकुंवर (मृत) वारिसान :-
(अ) नरोत्तम साहू आ. नामालूम
(ब) लोनेश साहू आ. नरोत्तम साहू
(स) चन्दू साहू आ. नरोत्तम साहू
(द) सरस्वती बाई आ. नरोत्तम साहू
(ई) सुमन साहू आ. नरोत्तम साहू
सभी निवासी ग्राम बघेरा, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री केशव राम आ. तुकाराम साहू, निवासी कचांदुर, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुण्डरदेही, जिला बालोद के प्र.क्र. 27/अ-27/2015-16 पारित अंतिम आदेश दिनांक 27.02.2019 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44(2) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 10.09.2024 को दिन के 12.00 बजे स्थान न्यायालय आयुक्त, उद्योग भवन, जी.ई. रोड दुर्ग में होगी। अतः सुनवाई तिथि में समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

जारी दिनांक 06.08.2024

(सत्य नारायण राठौर)
आयुक्त,
दुर्ग संभाग, दुर्ग






हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 10 अगस्त 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## तिरंगा उत्सवः केसरिया बलिदान, सफेद शांति और हरा हरियाली का प्रतीक



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के सभागार में शुक्रवार को हर घर तिरंगा झंडा अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत तिरंगा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें तिरंगे झंडे के तीनों रंगों के महत्व को बताया गया। केसरिया बलिदान, सफेद शांति अहिंसा विश्व बंधुत्व और हरा हरी भरी हो धरती, प्रकृति की हरी हरियाली का प्रतीक है। संगोष्ठी में ऐतिहासिक काकोरी कांड को भी याद किया। गुलामी के समय कैसे हमारे क्रांतिकारियों द्वारा पहली बार अंग्रेजों का खजाना काकोरी रेलवे स्टेशन पर लूट थे। उद्देश्य था जो पैसा मिलेगा उससे आजादी के आंदोलन में लगाएंगे। इसमें राष्ट्रभक्त राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, रोशन सिंह, को फांसी की सजा गई थी। कुछ को उम्र कैद, कुछ को काले पानी की सजा हुई थी। उसे भी याद किया गया। हर घर तिरंगा झंडा अभियान की शुरुआत तिरंगा शपथ से लेकर की गई। इसके बाद प्रतीकात्मक रैली निकाल गई। नगर निगम भिलाई से निकलकर आकाशगंगा होते हुए, घड़ी चौक पर समापन हुआ। वहां पर राष्ट्रगीत गाया गया। सभी लोगों ने संकल्प लिया, हम अपने घर घर में तिरंगा झंडा फहराएंगे, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अपील की है कि 9 से 15 अगस्त तक सब लोग अपने घर सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति का प्रतीक तिरंगा झंडा लगाएं। अपना और देश का सम्मान बढ़ाएं।

सिटी इवेंट

## 81 जवानों ने किया रक्तदान, दूसरों को भी ब्लड डोनेट करने का संदेश



**भिलाई।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा सेक्टर स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। स्वतंत्रता दिवस और वीर शहीदों की स्मृति में यह ब्लड डोनेट कैम्प लगाया गया। कम्बाइंड हॉस्पिटल उतई में शुक्रवार को आयोजित इस शिविर में 81 जवानों ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए जागरूक किया। महानिरीक्षक संजय प्रकाश के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन एम्स रायपुर के सहयोग से किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदाल बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर इस शिविर में उपस्थित रहे। संजय प्रकाश जी ने रक्तदान की महत्ता को बताते हुए सभी रक्तदान कर्ताओं के सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रयास से भविष्य में और भी लोग रक्तदान के लिए जागरूक होंगे। शिविर में केऔसुब के बल सदस्यों के अतिरिक्त केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी तथा एनडीआरएफ के बल सदस्यों के द्वारा भी रक्तदान किया गया। डॉ. मो. इकबाल जफर, डॉ. धनन्जय साहू सहित 8 अन्य चिकित्सा अधिकारियों ने सहयोग किया।

सिटी इवेंट

## नुक्कड़ नाटक के जरिए शिशु स्तनपान का दिया संदेश



**भिलाई।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग के तत्वावधान में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला में आयोजित किया गया। इस साल की थीम फासला कम करें, सभी के लिए स्तनपान में सहायता करें रहा। इसी के आधार पर छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं डेमोस्ट्रेशन के द्वारा लोगों को जागरूक किया। अपील की कि स्तनपान कराने वाली माताओं का सहयोग करें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी मेडिकल ऑफिसर डॉ. पीएम सिंह रहे। उन्होंने नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा किये गये कार्यक्रम की सराहना की।उन्होंने भी स्तनपान कराने वाली माताओं का सहयोग करने की अपील की। यह कार्यक्रम चाइल्ड हेल्थ डिपार्टमेंट, कम्युनिटी हेल्थ डिपार्टमेंट एवं ओबीजी डिपार्टमेंट द्वारा किया गया।इस अवसर पर सिंधु अनिल मेनन, प्राचार्या शैलजा अनिक, उप प्राचार्या विनिता सत्य कुमार द्वारा किया गया।

### आदिवासी दिवस पर हजारों की संख्या में आदिवासी जुटे, बूढ़ा देव की पूजा-अर्चना के साथ पारंपरिक आयोजन

# गर्व से कहो- हम आदिवासी हैं, तीन जगहों से निकली रैली

## ग्लोब चौक में समागम, पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए युवा



भिलाई। विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी मंडल भिलाई के बैनरतले भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बूढ़ा देव की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रिसाली, सेक्टर-7 और कोहका से तीन रैलियां निकली। इसमें पारंपरिक वेशभूषा धारण कर आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। तीनों रैलियों का ग्लोब चौक सेक्टर-7 में समागम हुआ। जहां से रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर-1 पहुंची, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में विधायक रिकेश सेन, विधायक देवेंद्र यादव सहित समाज के प्रमुख और वरिष्ठजन शामिल हुए। रैली में आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों ने शिरकत की। हाथों में झंडा ले पारपंरिक वेषभूषा में सजे-धजे युवक-युवतियां डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन में नाचते गाते शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते। उन्होंने सहस ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इस दौरान सामूहिक रूप से कहा गया कि गर्व से कहो हम आदिवासी हैं... इस नारे के साथ सभी ने एकजुटता का परिचय दिया। रैली के दौरान समाज के लोगों में खासा उत्साह दिखा। पुरुष हाथों में तीर-धनुष, आदिवासी कला को प्रदर्शित करती साड़ियां, गहने पहनकर महिलाएं और युवतियां रैली में शामिल हुए। रैली में आदिवासी समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।

### जगह-जगह फूल-माला और गुलाल से स्वागत

आदिवासियों का रैली के दौरान जगह-जगह स्वागत हुआ। अलग-अलग समाज के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने पंडाल लगाकर समाज का स्वागत किया। फूल-माला, गुलाल लगाकर आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में आदिवासी युवा नाचते गाते प्रसन्न मुद्रा में नजर आए। सर्व समाज संगठन के सदस्यों ने विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में हार्दिक बधाई दी। अध्यक्ष मेघनाथ यादव, संत कुमार केसकर, भोजराम डार्सेना, जीवन सिन्हा, रिखीराम सिंहा, चंद्रूलाल मरकाम, कल्याण सिंह साहू, आरएल साहू सहित अन्य मौजूद थे। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि आदिवासी समाज आगे बढ़ रहा है।आने वाले समय में समाज का हर व्यक्ति समाज की मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। शिक्षा इसका बड़ा माध्यम है और आदिवासी शिक्षित हो रहे हैं।





### विधायक देवेंद्र ने मां दंतेश्वरी से मांगा आशीर्वाद

वैशालीनगर विधायक देवेंद्र यादव भी आदिवासी समाज की रैली में शामिल हुए। उन्होंने आदिवासियों के साथ उनका पारंपरिक नृत्य किया। यादव ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने शुक्रवार को भव्य रैली निकाली। इसमें हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी और हमारे आदिवासी भाइ-बहनों ने हमारी संस्कृति परंपरा की मनमोहक झाकी इस रैली में प्रस्तुत की। उन्होंने भगवान बूढ़ा देव से आदिवासी समाज के हित और विकास केसाथ ही सभी के जीवन में समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। समाज ने आदिवासी गमछा व ड्रेस पहनाकर सम्मानित किया। देवेंद्र ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे आदिवासी समाज का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन के दौरान ही आदिवासी दिवस पर सरकारी अवकाश घोषित किया गया।

### दुर्ग में आदिवासी दिवस पर निकली तिरंगा रैली

विश्व आदिवासी दिवस परआदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित सभी शासकीय छात्रावासों, प्रयास आवासीय विद्यालय तथा विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र में आदिवासी महापुरुषों से संबंधित शैक्षणिक एवं सामाजिक, समाज सेवा, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, गीत संगीत, आदिवासी नृत्य, भाषण, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से आदिवासी समाज की संस्कृति/सभ्यता को कैसे एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी में हस्तांरित किए जाये, ऐसे संदेश देने वाले कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त एडीएम अरविंद कुमार एक्का, सहायक आयुक्त हेमंत कुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।



## आजादी के सिपाहियों को किया याद उनके संदेशों को आत्मसात करने अपील



**भिलाई।** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 परिसर में अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के प्रतीक के रूप में स्थापित प्रतिमा पर भिलाई-दुर्ग के सभी कांग्रेसियों ने आजादी के सिपाहियों का स्मरण एवं माल्यार्पण किया। एमआईसी मेंबर भिलाई निगम व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सीजू एंथोनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ जनों ने आजादी के दिवानों को याद कर उनके संदेशों को आत्मसात करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक बी डी कुरैशी, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई महापौर नीरज पाल, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नीता लोधी, पार्षद संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, प्रवक्ता जावेद खान, राजेन्द्र परगनिहा, दानेशवरी साहू, प्रमोद प्रभाकर, गौरव श्रीवास्तव, राजेश चौधरी, सेवन कुमार, उमेश साहू, सुरेश वर्मा, कोटेश्वर राव, वायके सिंह, निशाकांत पाण्डेय, रविशंकर सिंह, पी के नंदी, रामबचन यादव, विजय मंढरिया, शेष नारायण, कुंती साहू, ललिता साहू, मंजुलता अग्रवाल, राजश्री उपलवार, डॉ राजी, पुष्पा डड़सेना सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## सीएम को नाड़ी वैद्य घरेलू उपचार पुस्तक भेंट




**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को नाडी रोग विशेषज्ञ और समाज सेवक एप्पल नायडू ने पाटेश्वर धाम संस्थापक गुरु बाबा बालक दास के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान अप्पल नायडू ने नाड़ी वैद्य घरेलू उपचार पुस्तक सीएम को भेट किया। पुस्तक श्री नायडू द्वारा अब तक समाज में किए गए उपचार कार्यों की विस्तार जानकारी इसमें दी गई है। मुख्यमंत्री ने अप्पल नायडू को इसके लिए प्रशंसा की है।

## दांतों की नियमित जांच जरूरी, इसलिए निशुल्क दंत शिविर



**दुर्ग।** जिला शिक्षण समिति द्वारा संचालित सेठ रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं हायर सेकंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में निशुक्ल दंत शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी ने नियमित दंत परीक्षण एवं रखरखाव की आवश्यकता पर जोर दिया। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, डॉ. पूजा मल्होत्रा, मधु गोस्वामी ने निशुल्क शिविर आयोजित करने के लिए रुंगटा डेंटल कॉलेज परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. कर्णिका यादव, डॉ. पल्लवी, डॉ.हिमांशी, डॉ. वियांश, डॉ. आंचल, डॉ. आर्यन, डॉ. इशा, डॉ. अनन्या, डॉ. आरती ने सेवाएं दी। शिविर में जांच के लिए पहुंचे लोगों को उचित परामर्श दिया गया।

### रतन भवन बांधा तालाब में चातुर्मास के दौरान लगातार धर्मसभा का आयोजन

# पाप का गेट बंद किए बिना मोक्ष का खुलने वाला नहीं

**कार्नर न्यूज**

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में चातुर्मासि के दौरान लगातार धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को धर्मसभा में साध्वी सुमंगल प्रभा ने कहा कि सदा अनुष्ठान करते रहने से बेहतर की तरफ कदम आगे बढ़ते हैं, जिससे पाप पीछे छूट जाते हैं। परिणाम स्वरूप एक वक्त ऐसा आता है, जब जीवन श्रेष्ठतम हो जाता है। सद अनुष्ठान करने से पाप का गेट बंद हो जाता है। गेट बंद किए बिना न तो लिफ्ट चलती है और न ही आप कार चलाते हो। आलमारी या तिजोरी का गेट भी आप बंद रखते हो। मकान का गेट भी बिना कारण खुला नहीं रखते हो, तो फिर पाप का गेट क्यों खुला रखते हो। पाप का गेट बंद किए बिना मोक्ष का गेट खुलने वाला नहीं है। सद्अनुष्ठान से मोक्ष का गेट खुल जाता है। अशुभ कर्मों की धुलाई हो जाती है। अन्जाने में होने वाले पाप कम हैं, योजना बनाकर किए जाने वाले पाप ज्यादा हैं। योजना बनाकर किए गए पापों का फल ज्यादा पीड़ा और परेशानी का कारण बनता है।

**दुर्ग।** साध्वी ने कहा कि राजा श्रेणिक ने योजना बनाकर हिरणी का शिकार किया तो परिणाम कितना भयंकर आया। अन्जाने में हुए पाप का फल भयंकर नहीं होता है। क्योंकि पाप करने के भाव नहीं हैं, पाप के साथ मन जुड़ा हुआ नहीं होने से फल अधिक दुखदायी नहीं होता है। अनेकों पाप फालतू होते हैं, तो कुछ पाप करना मजबूरी हो जाता है। जीविका उपार्जन के लिए पाप करना मजबूरी है। भोजन बनाने के लिए पाप करना मजबूरी है, ऐसे पाप का फल भी ज्यादा दुखदायी नहीं होता। इस प्रकार प्रतिदिन धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हो रहे हैं।



### मासखमण वंदना और सिद्धि तप की तपस्या जारी

साध्वी भगवंतो के सानिध्य में जप अनुष्ठान सिद्धि तप नवकार महामंत्र का जप अनुष्ठान प्रतिदिन चल रहा है। जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला के बच्चों ने सिद्धि तप करने वाले तपसियों के पारणे में सहयोग दिया, जिनमें जैनम बाघमार, अर्णव श्रीश्रीमाल, मोक्षित, देवांश, रतन बोरा, भाविक बाफना, संयमी पारख ने भोजन शाला में अपनी सेवाएं दी। प्रतिदिन जैन समाज के युवा आयोजनों में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। नवकार मंत्र के जाप के साथ अन्य अनुष्ठान भी प्रतिदिन संपन्न कराए जा रहे हैं। सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है।

### तीर्थंकर नेमिनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक और लब्धिसूरी म सा की पुण्यतिथि पर निकाली अहिंसा रैली

**भिलाई।** श्री उवसग्गहर पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आज श्रावण सुदी पंचमी को 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक एवं कविकुल किरीट व्याख्यान वाचस्पति तीर्थोपकारी आचार्य देवेश श्रीमद् विजय लब्धि सूरीश्वर म सा की पुण्यतिथि उत्सवपूर्वक मनाया गया। तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया मैनेजिंग ट्रस्टी थे। पुखराज दुगड़ के मार्गदर्शन में तीर्थ परिसर में संचालित वर्धमान गुरुकूल के विद्यार्थीयों ने तीर्थ परिसर से ग्राम गनियारी तक अहिंसा रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर तीर्थ के प्रवचन सभागृह में गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ। सभा में नेमिनाथ प्रभु एवं गुरुदेव लब्धि सूरीजी म सा के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर गुरुभक्त अमृत लाल राठौड़ राजनांदगांव एवं किरण गांधी अहमदाबाद ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गुणानुवाद सभा में किरण गांधी ने नेमिनाथ प्रभु के जीवन चरित्र को स्मरण करते हुए कहा कि जैन धर्म अहिंसा का प्रर्वतक है। नेमिनाथ प्रभु जीव दया भावना से ओत-प्रोत होकर, अबोल पशु की पुकार सुनकर वैराग्य को आत्मसात कर कर्म खपाते हुए तीर्थंकर पद को प्राप्त किए। श्रीलब्धि सूरिदेव का जीवन विभिन्न गुणों का भंडार है जिनेश्वर भक्ति में निमग्न गुरुदेव पहले ऐसे संत थे जो हाट बाजार में खड़े होकर प्रवचन देते थे और लाखों लोगों को धर्म से जोड़े।


हमारे बड़े भैय्या
वैशाली नगर के जन नायक
मान. रिकेश सेन जी ला
अवतरण दिवस के
गाड़ा-गाड़ा बधाई
मान. रिकेश सेन जी
विधायक वैशाली नगर
प्रदीप गुप्ता
वैशाली नगर मंडल उपाध्यक्ष
प्रियदर्शी (अंशु) प्रसाद


वैशाली नगर विधानसभा के माननीय विधायक (नायक)
श्री रिकेश सेन जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
डॉ. सोनाली चक्रवर्ती
डायरेक्टर, स्वयंसिद्धा ए मिशन
डॉ. कृतिका वैष्णव नायर
राधिका यादव
महिला उद्यमी
देबजानी मजूमदार
गायिका
कोमल घोष
महिला उद्यमी
डॉ. श्रद्धा मिश्रा
वरिष्ठ व्याख्याता
विनीता गुप्ता
महिला उद्यमी
भूमिका देवांगन
महिला उद्यमी
सरोज तेंगुरिया
पर्यावरणविद
इज़ा नेल्सन पॉल
सिंगर, पेंटर, डांसर
स्मिता चौहान
कोषाध्यक्ष - स्वयंसिद्धा ग्रुप
रीता वैष्णव
सिंगर, एक्टर
राजकुमारी कनोजे
क्राफ्ट आर्टिस्ट
शीला प्रकाश
कलाकार
गीता चौधरी
कलाकार
नीलिमा शुक्ला
शिक्षाविद,प्राचार्या
प्रमिला खन्ना
बैंकर
बिंदु नायक
कलाकार
अर्चना सेनगुप्ता
कला शिक्षिका
ममता बिसवाल
उत्कल समाज
शिल्पा जैन
अंग्रेजी शिक्षिका
सौजन्य : वैशाली नगर विधानसभा


वैशाली नगर विधानसभा के
माननीय विधायक (नायक)
श्री रिकेश सेन जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
शंकर लाल देवांगन
पुरषोत्तम देवांगन
प्रेमलाल साहू
वीजेंद्र सिंह
प्रवीण पांडेय
अरविंद जैन
प्रेमचंद देवांगन
त्रिलोचन सिंह
विजय सिंह
मनोज तिवारी
सौजन्य : वैशाली नगर विधानसभा


वैशाली नगर विधानसभा के
लाड़ले विधायक
श्री रिकेश सेन जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
महेश वर्मा
जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, भिलाई
प्रेम लाल साहू
जिला महामंत्री
विजेंद्र सिंह
जिला महामंत्री
पुरषोत्तम देवांगन
जिला उपाध्यक्ष
योगेन्द्र सिंह
जिला उपाध्यक्ष
राम उपकार तिवारी
जिला उपाध्यक्ष
मिथिला खिचरिया
जिला उपाध्यक्ष
रेखराम बंछोर
जिला उपाध्यक्ष
मनीष अग्रवाल
जिला उपाध्यक्ष
विनोद सिंह
जिला कोषाध्यक्ष
कन्हैया सोनी
जिला सह कोषाध्यक्ष
विजय जायसवाल
जिला मंत्री
गुरजीत सिंह
जिला मंत्री
के गणपति
जिला मंत्री
सुनील सिंह
जिला मंत्री
कीर्ति नायक
जिला मंत्री
विजय शुक्ला
जिला कार्यालय प्रभारी
राजेंद्र सिंह
जिला कार्यालय सह प्रभारी
उपासना साहू
जिला मंत्री
रूपराम साहू
अध्यक्ष सुपेला मंडल
विजय शुक्ला
अध्यक्ष वैशाली नगर मंडल
अशोक गुप्ता
अध्यक्ष कैंप मंडल
स्वीटी कौशिक
जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा
अमित मिश्रा
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा
सौजन्य - भारतीय जनता पार्टी, जिला भिलाई